# ओमशान्ति मीडिया

वर्ष - 28 | जून -2026 | अंक - 06 | माउंट आबू | Rs.- 20


# आध्यात्मिकता द्वारा सनातन संस्कृति की रक्षा पर महासम्मेलन




**ओआरसी-गुरुग्राम(हरियाणा)।** ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के ओम शान्ति रिट्रीट सेंटर में तीन दिवसीय अखिल भारतीय साधु-संत महासम्मेलन का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर हुआ। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। "आध्यात्मिकता द्वारा सनातन संस्कृति की रक्षा" विषय पर आलोक जी ने कहा कि आध्यात्मिकता ही जीवन का वास्तविक सुख है। ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के जीवन में इसका स्वरूप नज़र आता है। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा विश्व में आध्यात्मिक चेतना की जागृति सतयुग के आने की आहट पैदा कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि संस्थान में किसी विशेष धर्म से नहीं बल्कि अनेक धर्मों के लोग सम्मिलित हैं। आत्मा ईश्वरीय गुणों का स्वरूप है। प्रत्येक व्यक्ति में इन ईश्वरीय गुणों का सम्मान करना ही ईश्वर का सम्मान करना है। उन्होंने ये भी बताया कि दो वर्ष पूर्व वे संस्थान के मुख्यालय माउंट आबू में गए थे। जहाँ उन्हें अपार ऊर्जा का अनुभव हुआ। दिव्य शक्ति अखाड़ा,सहारनपुर से महामंडलेश्वर कमल किशोर जी महाराज ने कहा कि कर्म का सबसे बड़ा महत्व है। कर्म का फल अवश्य मिलता है। पूर्व में किए कर्मों के प्रभाव से हम ईश्वरीय स्मृति से ही मुक्त हो सकते हैं। ईश्वरीय प्रेम ही सर्व सुखों का आधार है। मुंबई से महामंडलेश्वर श्वामी प्रेमानंद गिरि जी महाराज ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ नारी शक्ति उत्थान का प्रमुख केंद्र है। उन्होंने ये भी कहा कि जहाँ संत हैं वहाँ बसंत है। ब्रह्माकुमारीज संस्थान राजयोग के द्वारा विश्व में सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण का भगीरथ कार्य कर रहा है। महामंडलेश्वर स्वामी शिव स्वरूपानंद जी महाराज,जोधपुर ने कहा कि सनातन संस्कृति का मूल अहिंसा है। अहिंसा परम धर्म है। उन्होंने कहा कि शान्ति के लिए क्रान्ति जरूरी है। सबसे बड़ी क्रान्ति वैचारिक क्रान्ति है। विचारों के शुद्धिकरण से ही शान्ति का उद्‌गम होता है। श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद जी महाराज,मथुरा ने कहा कि अध्यात्म सनातन धर्म की आत्मा है। बिना अध्यात्म के सनातन धर्म की कल्पना नहीं की जा सकती। आध्यात्मिकता से ही विश्व में शान्ति स्थापन हो सकती है। प्रथम वाल्मीकि आदि शंकराचार्य गिरधारी जी महाराज,अमृतसर ने कहा कि

- अखिल भारतीय साधु-संत महासम्मेलन
- ब्रह्माकुमारीज़ के ओम शान्ति रिट्रीट सेंटर में हुआ सफल आयोजन
- आध्यात्मिकता में ही जीवन का वास्तविक सुख है- आलोक कुमार
- आदि सनातन धर्म सभ्यता और दिव्यता का संदेश देता है- राजयोगिनी ब्र.कु. सुदेश दीदी
- देश के विभिन्न प्रांतों से पहुंचे सैकड़ों संत महात्मा

सनातन संस्कृति के महर्षि वाल्मीकि का विशेष महत्व है। क्योंकि उन्होंने श्रीराम के जीवन दर्शन से सनातन संस्कृति का परिचय दिया। हिंदू सेना के राष्ट्रीय महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानंद गिरि जी महाराज ने कहा कि धर्म केवल सनातन धर्म है। धर्म कभी किसी का अहित नहीं करता। आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री जी महाराज,मोदीनगर ने कहा कि अगर चेतना की जागृति नहीं है तो सोना और जागना तो केवल एक मशीन के समान है। हमारा मन हमारे जन्म का कारण है। इस अवसर पर संस्थान की संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी ब्र.कु. सुदेश दीदी ने कहा कि हिंसा केवल तलवार से ही नहीं होती। बल्कि मन और वचन से भी दूसरों को दुःख देना हिंसा है। उन्होंने कहा कि देवी-देवताओं को दिखाए गए अस्त्र-शस्त्र बाहरी हिंसा नहीं बल्कि मनोविकारों पर ज्ञान और योग के द्वारा विजय प्राप्त करने के सूचक हैं। आदि सनातन धर्म हमें सभ्यता और दिव्यता का पाठ पढ़ाता है। ओआरसी की निदेशिका राजयोगिनी ब्र.कु. आशा दीदी ने कहा कि आध्यात्मिक शक्ति के लिए तपस्या जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब सकारात्मक ऊर्जा बढ़ जाती है तो नकारात्मक ऊर्जा स्वतः समाप्त हो जाती है। धार्मिक प्रभाग की अध्यक्षा राजयोगिनी ब्र.कु. मनोरमा दीदी,प्रयागराज ने कहा कि सनातन संस्कृति का पुनर्जागरण ही सम्मेलन का प्रमुख उद्देश्य है। जीबी पंत हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहित गुप्ता ने अपने आध्यात्मिक जीवन के अनुभव सबके साथ साझा किए। राजयोगिनी ब्र.कु. उषा दीदी,माउण्ट आबू ने भी सभा को संबोधित किया। मंच संचालन राजयोगिनी ब्र.कु. बीना एवं ब्र.कु. श्रीनिधि ने किया। कार्यक्रम में देशभर से सैकड़ों साधु-संतों सहित 800 से भी अधिक लोगों ने शिरकत की।

# मॉस्को में 'हिंदू स्वयंसेवक संघ' ने सीखा राजयोग





**मॉस्को-रशिया।** हिंदू स्वयंसेवक संघ भारत के प्रसिद्ध राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के समान अंतर्राष्ट्रीय संगठन है और यह हिंदू प्रवासी समुदाय पर ध्यान केंद्रित करता है। राजयोगिनी ब्र.कु. सुधा दीदी को ब्रह्माकुमारीज़ संस्था से परिचित होने और राजयोग की बुनियादी बातें सीखने के लिए मॉस्को स्थित एचएसएस के प्रमुख श्री क्षितिज ने नवरूज़ दिवस पर आमंत्रित किया। उन्होंने दीदी का स्वागत करते हुए कहा कि "दीदी जी, मेरा मानना है कि ब्रह्माकुमारीज़ के सदस्य दुनिया भर में कई तरह की अशांति और नकारात्मक ऊर्जा होने के बावजूद भी कार्य, जीवन और समाज में सकारात्मक और एकाग्र मानसिकता बनाए रखते हैं।" हमें खुशी है कि दीदी ने हमें राजयोग सिखाने के लिए आने की सहमति दी है।" कार्यक्रम की शुरुआत कुछ मिनट परमात्मा की याद से हुई। जिसके बाद सुधा दीदी ने उपस्थित एचएसएस सदस्यों के भाइयों को आत्मा और उसके स्वरूप के बारे में जानकारी दी तथा परमात्मा(ईश्वर) के स्वरूप को भी परिभाषित किया। सभी ने ब्रह्माकुमारीज व एचएसएस के कार्य को परस्पर विस्तार से जाना। जोकि दोनों का लक्ष्य मानवता के उत्थान से जुड़ा हुआ है। ब्रह्माकुमारीज संगठन और विश्व स्तर पर इसकी व्यापक गतिविधियों से परिचित हुए। इस दौरान विभिन्न विषयों पर प्रश्नोत्तर सत्र में राजयोग मेडिटेशन के बारे में रूचिपूर्वक गहनता से जाना और उसकी अनुभूति भी की। यहाँ पर एक अनोखा अनुभव हुआ कि मेडिटेशन में आँखें खुली रखके मेडिटेशन कराया गया। उन्हें यह भी समझाया गया कि ब्रह्माकुमारीज़ कैसे मानती हैं कि भारत का प्राचीन योग आधुनिक युग में दोहराया जा रहा है।

**नवरूज़ : मॉस्को में नवदिवस का त्योहार**

वसंत ऋतु का नव वर्ष, नवरूज़ शांति और मित्रता का त्योहार है और यह दुनिया भर के लाखों लोगों को एकजुट करता है। जैसा कि सर्वविदित है, इस त्योहार की जड़ें मध्य पूर्व और मध्य एशिया की प्राचीन परंपराओं में निहित हैं। 2009 में, यूनेस्को ने "नवरूज़" को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूचि में शामिल किया और 2010 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21मार्च को अंतर्राष्ट्रीय नवरूज़ दिवस घोषित किया। वसंत विषुव का वह दिन, जब दिन और रात संतुलन में होते हैं और एक-दूसरे की ओर देखते हैं, नवरूज़ का जन्म होता है। यह एक नया दिन, एक नया साल और एक नया जीवन है जो नई आशाएं लेकर आता है। यह दिन विश्वभर में 3 करोड़ से अधिक विशेष रूप से ईरान, अफगानिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, अज़रबैजान, तुर्की और कुर्द तथा मध्य एशियाई समुदायों द्वारा मनाया जाता है। मॉस्को हाउस ऑफ नेशनैलिटीज में "राष्ट्रीय अवकाश" परियोजना के अंतर्गत नवरूज़ का उत्सव रूस के जन एकता वर्ष को समर्पित था।

# ओमशान्ति मीडिया



ओमशान्ति मीडिया

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विशेषांक

# शरीर और मन की वास्तविक यात्रा का विज्ञान-योग

**हम सभी की ज़िंदगी कैसी है, क्या है, और किस दिशा में जा रही है - यह लगभग हर व्यक्ति जानता है। फिर भी जीवन में निरंतर उतार-चढ़ाव, अनेक घटनाएं, किस्से और अनुभव आते रहते हैं। हम उन्हें स्वीकार भी करते हैं और समय के अनुसार कर्म भी करते रहते हैं।**

शरीर एक अद्भुत यंत्र है, जिसकी अपनी एक कार्यप्रणाली(मैकेनिज़्म) है। इस शरीर को संतुलित और व्यवस्थित रखने के लिए हम योगासन का सहारा लेते हैं। जब हम योगासन करते हैं, तो हमें लगता है कि हमने कुछ विशेष किया है, शरीर हल्का और स्वस्थ महसूस होता है। लेकिन कुछ समय बाद फिर वही स्थिति आ जाती है। प्रश्न उठता है - ऐसी अवस्था से बाहर कैसे निकला जाए?

**प्रश्न अनेक है, लेकिन उत्तर एक है, मिलन। मार्ग अनेक है, लेकिन रोशनी एक ही है।**

यदि हम अपने जीवन को ध्यान से देखें, तो पाएंगे कि जीवन का एक बड़ा हिस्सा केवल शरीर के निर्वाह में बीत जाता है। बचपन में हम स्वतंत्र होते हैं, शरीर की ओर अधिक ध्यान नहीं देते। खेलकूद और सक्रियता के कारण शरीर स्वतः स्वस्थ रहता है। लेकिन जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, ज़िम्मेदारियां बढ़ती हैं और हम अपने शरीर तथा मन की अनदेखी करने लगते हैं।



जब शरीर में समस्याएं आती हैं, तो हमें सलाह दी जाती है - योगासन करें, प्राणायाम करें। हम यह सब शुरू भी करते हैं, लेकिन कुछ समय बाद उसका प्रभाव कम होने लगता है। इसका कारण क्या है?

कारण यह है कि आसन करने वाला और उसे संचालित करने वाला अलग-अलग है। जैसे एक कार स्वयं नहीं चल सकती - उसे चलाने के लिए एक चालक(ड्राइवर) आवश्यक होता है। उसी प्रकार यह शरीर एक यंत्र है और उसका चालक है - आत्मा। यदि यह चालक शक्तिशाली नहीं है, तो शरीर का तंत्र ढंग से कार्य नहीं कर सकता।

इसलिए यह समझना आवश्यक है कि केवल शारीरिक योग पर्याप्त नहीं है। राजयोग हमें यह सिखाता है कि जैसे हम बाहरी उपकरणों - बिजली, पंखा, लाइट आदि का उपयोग करना सीखते हैं वैसे ही हमें अपने मन और संकल्पों को भी समझना और नियंत्रित करना चाहिए। हमारे भीतर जो विचार और संकल्प उत्पन्न होते हैं वही हमारे शरीर को संचालित करते हैं। उदाहरण के लिए, यदि आप पार्क में योगासन कर रहे हैं और अचानक घर से कोई आपातकालीन समाचार मिल जाए, जैसे किसी को हार्ट अटैक आ गया, तो तुरंत आपकी सारी शारीरिक स्थिति बदल जाती है। आपकी ऊर्जा का प्रवाह बदल जाता है और मन पूरी तरह उस परिस्थिति में लग जाता है।

इससे स्पष्ट होता है कि शरीर को नियंत्रित करने वाली मुख्य शक्ति मन और आत्मा है। जब हम इंद्रियों को नियंत्रित कर लेते हैं तो हमारा शारीरिक तंत्र स्वतः नियंत्रित हो जाता है। तब हम जिस समय जो करना चाहें, उसे सहज रूप से कर सकते हैं। यह अवस्था अत्यंत श्रेष्ठ है।

आज की भागदौड़ भरी ज़िंदगी में हम मशीन की तरह कार्य करते है लेकिन हमारे विचार निरंतर चलते रहते हैं। इसलिए योग गुरु भी कहते हैं कि जब आप योगासन करें, तो पूर्ण जागरूकता के साथ करें - ध्यान दें कि पैर कैसे हैं, हाथ कैसे हैं, शरीर की स्थिति कैसी है। लेकिन यह जागरूकता तभी संभव है जब मन शांत और नियंत्रित हो।

यदि मन भय, चिंता, दुःख, पीड़ा या तनाव से भरा हुआ है तो वह एक अस्वस्थ ड्राइवर की तरह है जो गाड़ी को सही दिशा में नहीं चला सकता। इसलिए सबसे पहले मन का स्वस्थ होना आवश्यक है। राजयोग मन को स्वस्थ बनाता है। यह मन की उलझनों को समाप्त करता है और भीतर शांति एवं शक्ति भरता है। जब मन संतुलित होता है, तब शारीरिक योग का वास्तविक लाभ मिलता है।

**इसलिए अब समय है जागने का -**

सबसे पहले स्वयं को जानने का कि मैं इस शरीर को चलाने वाली शक्ति आत्मा हूं। जब आत्मा स्वयं को पहचानती है और परमात्मा से जुड़ती है तब उसे एक दिव्य शक्ति प्राप्त होती है। उस शक्ति के साथ किया गया हर कार्य सफल होता है। दुनिया में अनेक प्रकार के योग और आसन प्रचलित हैं और सभी का अपना महत्त्व है। लेकिन राजयोग एक ऐसा योग है जो हमें परम सत्ता से जोड़ता है। यह योग हमारे शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक तीनों शक्तियों को संतुलित और सशक्त बनाता है।



अंततः, जब हम आत्मबोध और मन की एकाग्रता को विकसित करते हैं तो हमारा सम्पूर्ण तंत्र स्वतः सुचारू रूप से कार्य करने लगता है। इसी अवस्था को आगे बढ़ाकर हम पूर्ण राजयोग ध्यान की ओर अग्रसर होते हैं - जहां जीवन में स्थिरता, शांति और सफलता का अनुभव होता है।

## हम सभी मिलकर शांतिपूर्ण विश्व के निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएं



हर मनुष्य चाहता है कि दूसरे पर विश्वास करें, लेकिन विश्वास वहीं टिकता है जहाँ मन शांत, विचार स्वस्थ और भावनाएं शुद्ध हों। जब हम कुछ क्षण रुककर स्वयं से संवाद करते हैं तो इस बात का अनुभव होता है कि शांति और आनंद किसी बाहरी वस्तु में नहीं बल्कि हमारे भीतर है। जब आध्यात्मिक चेतना जागृत होती है तो प्रेम, भाईचारा, करुणा और एकता जीवन का हिस्सा बन जाती है। शांत और स्थिर मन समाज में शांति का बीज होता है और वहीं से विश्व शांति और विश्व एकता की नींव बनती है। सशक्त आत्मा ही विश्व एकता की संकल्पना को साकार करने की आधारशिला है। आइए शांति को अपने भीतर जगाएं, विश्वास को अपने विचारों में उतारें और एकता को अपने कर्मों में प्रकट करें। हम सब मिलकर एक बेहतर, शांतिपूर्ण विश्व के निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

**- महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, भारत।**

## सम्पूर्ण स्वास्थ्य का अमृत है - योग



अमृत काल का ये समय हमारे ज्ञान-योग और इनोवेशन का समय है। हमें एक ऐसा भारत बनाना है जिसकी जड़ें प्राचीन परम्पराओं और विरासत से जुड़ी होंगी। मैं जानता हूं ब्रह्माकुमारीज़ का प्रभाव पूरे विश्व में है। मैं देश के संकल्पों के साथ, देश के सपनों के साथ निरंतर जुड़े रहने के लिए ब्रह्माकुमारीज़ परिवार का अभिनंदन करता हूं। अमृत और अमरत्व का रास्ता बिना ज्ञान के प्रकाशित नहीं होता है। जिसका विस्तार आधुनिकता के आधार पर अपनी संस्कृति और सभ्यता के साथ होगा। इन प्रयासों में ब्रह्माकुमारीज़ जैसी आध्यात्मिक संस्थाओं की बड़ी भूमिका है। राष्ट्र की प्रगति में ही हमारी प्रगति है। विश्व योग दिवस पर आप सभी के सम्पूर्ण स्वास्थ्य की शुभकामना करता हूं।

**- माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भारत।**

दुनिया की सर्व समस्या का एक समाधान और उसका आधार राजयोग और उसकी पद्धति है। उसके अन्दर जो कुछ भी है- चाहे वो शरीर से सम्बन्धित है, चाहे वो मानसिक है, चाहे आध्यात्मिक है, चाहे आर्थिक है, उन सारी स्थितियों को एक सूत्र में पिरोता है राजयोग। और ये राजयोग आज का नहीं है, प्राचीन है। जिसको ऋषि, मुनि, तपस्वी सबने सराहा है। इस आधार को आधार बनाकर हम सभी भी अपने आप को उन स्थितियों से पार ले जा सकते हैं, जो हमें हर पल, हर क्षण छेड़ती हैं, परेशान करती हैं। तो क्यों न हम इसको अपनाकर अपनी दिनचर्या में उन सारे कर्मों को एक सही दिशा दे पायें। दें, जो हमें सफलता दिलाए, जो हमें आगे बढ़ाए, हमारे से औरों को आगे बढ़ाए, हमसे सबको दुआएं मिले। ऐसी स्थिति में आकर ही हम सबको वो सब दे सकते हैं, जो हम चाहते हैं।

# राजयोग का योगाभ्यास

योगाभ्यास वास्तव में वह शक्ति है जो हमारी संभावनाओं को वास्तविकता में बदल देता है। मनुष्य के भीतर परमात्मा ने सभी शक्तियां समान रूप से प्रदान की हैं। ऐसा नहीं है कि किसी को अधिक और किसी को कम मिला है - हर मानव को यह दिव्य सामर्थ्य प्राप्त है।

लेकिन अंतर यहाँ आता है कि कौन उस शक्ति का सही लालन-पालन करना जानता है, कौन उसे विकसित करने का प्रयास करता है। परमात्मा ने हर जीवन के भीतर एक सहज प्रेरणा, एक ऊंचा उठने की इच्छा शक्ति रखी है। यही इच्छा हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

योग उस वातावरण को तैयार करने का माध्यम है, जिसमें हमारी वह सुप्त शक्तियां जागृत होती हैं। जिनके पास ज्ञान और अनुभव का अभाव है, उन्हें यह संदेह हो सकता है कि क्या योग के माध्यम से इतना परिवर्तन संभव है?

लेकिन जो बीज से वृक्ष बनने की प्रक्रिया को समझता है, उसके लिए यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है। जब एक छोटा-सा बीज विशाल वटवृक्ष बन सकता है, तो मनुष्य भी अपने साधारण स्वरूप से उठकर "नर से नारायण" की अवस्था को प्राप्त कर सकता है।

राजयोग इसी अनंत संभावनाओं का द्वार खोलता है। राजयोग का अर्थ है- अपने भीतर उस श्रेष्ठ बीज को पहचानना, जो हमारे जीवन रूपी वृक्ष को महान बना सकता है। इसका अर्थ यह भी है कि मेरे भीतर सृजन करने की, अपने जीवन को अपनी इच्छानुसार दिशा देने की पूर्ण योग्यता है।

इन अनंत संभावनाओं को पहचानने और उन्हें साकार करने के लिए हमें अपने भीतर छिपी हुई सुषुप्त शक्तियों को जागृत करना होगा। योगाभ्यास हमें यही सिखाता है अपने आप को जानना, अपनी शक्ति को पहचानना और उसे सही दिशा में प्रयोग करना।

# योग द्वारा मन पर नियंत्रण - योग का सच्चा फल

योग सभी के व्यक्तित्व विकास और समाज के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह मानव और प्रकृति के बीच सद्भावना स्थापित करने का माध्यम है और लोगों को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा देता है। योग हमारे जीवन को पूरी तरह से बदलने की क्षमता रखता है - यदि हम इसे सही विधि और समझ के साथ अपनाएं।

हममें से हर व्यक्ति जीवन को पूर्ण रूप से, जी भरकर जीना चाहता है और योग उसी कला की जड़ी-बूटी है। योग का सम्पूर्ण लाभ लेने के लिए हमें इसे गहराई से समझना होगा। इसके लिए यह जानना आवश्यक है कि योगी कौन होता है।

योगी वह व्यक्ति होता है जिसमें स्वयं के लिए दूसरों के लिए और प्रकृति के लिए सद्भावना होती है। योग हमारी इंद्रियों को नियंत्रित करता है और देह भान को परिवर्तित करता है, जिससे यह अनुभूति होने लगती है कि यह शरीर केवल एक साधन है - परमशक्ति का अनुभव करने का माध्यम है।

योग में इतनी शक्ति है कि वह पूरे विश्व को एकता के सूत्र में बांध सकता है। कई लोग योग को केवल एक व्यवस्था के रूप में देखते हैं लेकिन वास्तव में योग कोई व्यवस्था नहीं, बल्कि एक अवस्था है। योग कोई संस्था नहीं, बल्कि आस्था है। जब तक हम इसे इस रूप में नहीं समझते, तब तक हम इसे टुकड़ों में ही देखते हैं और इसकी पूर्णता को पहचान नहीं पाते।

एक सच्चा योगी बनने के लिए हमें इस देह रूपी साधन से ऊपर उठकर अपने भीतर के सत्य को पहचानना होगा। परमशक्ति के साथ जुड़कर, आंतरिक शक्ति का अनुभव करते हुए हमें यह समझना होगा कि हमारी वास्तविक पहचान यह शरीर नहीं बल्कि एक शुद्ध, सच्ची आत्मा है। यह शरीर केवल एक माध्यम है, जिसके द्वारा हमें जीवन जीना है।

जब जीवन पर हमारा नियंत्रण स्थापित होता है तब हम वास्तविक अर्थों में योग को प्राप्त करते हैं और यही योग का सच्चा फल है।



## योगा और राजयोगा का संतुलन स्वस्थ जीवन का आधार

आज के समय में लोग अनेक प्रकार की बीमारियों से ग्रसित हैं जैसे डायबिटीज, हाइपरटेंशन आदि। इन बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए लोग लगातार उपाय खोजते रहते हैं, लेकिन उपचार के बजाए ये बीमारियां धीरे-धीरे लाइलाज रूप लेती जा रही हैं। इसका एक प्रमुख कारण बढ़ता हुआ तनाव है, जिसे आज की युवा पीढ़ी सही तरीके से संभाल नहीं पा रही। परिणामस्वरूप वे शराब और ड्रग्स जैसे हानिकारक साधनों का सहारा लेने लगते हैं।

ऐसी स्थिति में एक ही सशक्त उपाय सामने आता है - योगाभ्यास। योग ही हमारी मानसिक स्थिति को संतुलित बनाए रखने में सक्षम है। यदि हम शरीर को मन और बुद्धि का मंदिर मानें, तो योग उस मंदिर को सुंदर, सशक्त और पवित्र बनाता है। योग तभी पूर्ण रूप से लाभकारी होता है जब उसे सही विधि और अनुशासन के साथ किया जाए। यह न केवल हमारी शारीरिक और मानसिक क्षमता को बढ़ाता है बल्कि हमारी आंतरिक विशेषताओं का विकास करता है और हमें तनावमुक्त जीवन जीने की दिशा में अग्रसर करता है।

योग को समझने के लिए 'साधन' और 'साध्य' के अंतर को जानना आवश्यक है। हमारा शरीर साधन है, जबकि मन और बुद्धि साध्य हैं। मन और बुद्धि के बीच जो द्वंद्व चलता है - मन कुछ और चाहता है और बुद्धि कुछ और निर्णय लेती है - यही असंतुलन हमारे जीवन में अनेक समस्याओं का कारण बनता है। इस असंतुलन के कारण शरीर में रासायनिक प्रक्रियाएं प्रभावित होती हैं जिससे बीपी, डायबिटीज और अन्य विकृतियां उत्पन्न होती हैं।

वास्तव में, यह असंतुलन मन और बुद्धि के बीच तालमेल के अभाव और परिस्थितियों के प्रभाव में लंबे समय तक जीने की आदत के कारण उत्पन्न होता है। हम अपनी वास्तविक पहचान से दूर हो जाते हैं और बाहरी वातावरण के प्रभाव में आकर अपने जीवन का संतुलन खो देते हैं।

इसलिए योग का महत्व अत्यंत बढ़ जाता है। यह हमें शारीरिक और मानसिक दोनों स्तरों पर सशक्त बनाता है। यदि हम स्वस्थ, संतुलित और सम्पूर्ण जीवन जीना चाहते हैं, तो योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाना ही होगा। यही हमें वास्तविक स्वास्थ्य और आत्मिक संतुलन की ओर ले जाता है।

## राजयोग भयमुक्त, संतुलित और समृद्धि जीवन कुंजी

योग के माध्यम से जब हम स्वयं को नया बनाते हैं, तभी हम विश्व को भी नया बना सकते हैं। आज का विश्व आर्थिक आधार पर विभाजित हो चुका है, जहाँ भौतिकता के कारण निरंतर संघर्ष चलता रहता है। लेकिन सबसे बड़ी विफलता यह है कि हम एक-दूसरे की भावनाओं को समझने में असमर्थ रहे हैं। और यह तब तक संभव भी नहीं है जब तक हम स्वयं को नहीं समझते।

स्वामी विवेकानंद ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक राजयोग में कहा है कि प्रत्येक आत्मा का अपना स्वतंत्र अस्तित्व है और उसमें यह सामर्थ्य है कि वह प्रकृति को नियंत्रित कर अपनी आंतरिक और बाह्य शक्तियों को प्रकट कर सके। उन्होंने यह भी संदेश दिया कि अपने कर्म और साधना के माध्यम से इसे अनुभव करो, लेकिन अपनी विचारधारा को दूसरों पर थोपने का प्रयास मत करो। स्वयं स्वतंत्र रहो और दूसरों को भी स्वतंत्र रहने दो - यही सच्चा धर्म और जीवन का कर्त्तव्य है।

योग किसी व्यापार या प्रदर्शन की वस्तु नहीं है, बल्कि यह एक मानसिक अवस्था है। जब हम योग को केवल बड़ी-बड़ी और जटिल बातों के रूप में देखते हैं तो हमें यह कठिन लगने लगता है और हमारा विश्वास डगमगाने लगता है। लेकिन यदि हम इसे छोटे-छोटे सरल कदमों में समझें तो महसूस होता है कि यह तो हम भी कर सकते हैं, यह मार्ग हमारे लिए भी संभव है।

योग न तो कोई व्यवस्था है और न ही किसी की निजी सम्पत्ति है। यह एक अवस्था है, जो सम्पूर्ण मानव जाति की धरोहर है। यह केवल इस युग के लिए नहीं, बल्कि अनेक युगों के लिए मानव जीवन को श्रेष्ठ और सम्पूर्ण बनाने का साधन है। योग के माध्यम से हम शारीरिक और मानसिक स्तर पर सशक्त बनते हैं और जीवन के वास्तविक आनंद का अनुभव करते हैं।

योग का वास्तविक परिणाम यह है कि हमारी सोच और हमारे कर्मों में शुद्धता आने लगती है। जब योग हमारे जीवन में गहराई से उतरता है, तो कर्मों से लालच, हिंसा और नकारात्मक भावनाएं स्वतः समाप्त होने लगती हैं। इसके साथ ही हमें न केवल उत्तम स्वास्थ्य का लाभ मिलता है, बल्कि सामाजिक सहयोग और सामंजस्य की भी प्राप्ति होती है। एक स्वस्थ शरीर और अनुशासित बुद्धि ही भयमुक्त विश्व की मजबूत नींव है।



मुंबई-नेपियन सी रोड(महा.)। महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. रुक्मिणि बहन।



पणजी-गोवा। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर इरवले में आयोजित 7 दिवसीय शिव दर्शन प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए गोवा के गवर्नर पुसपति अशोक गजपति राजू। साथ हैं केन्द्रीय मंत्री श्रीपाद नाईक, गोवा व सिंधुदुर्ग सेवाकेन्द्र संचालिका राजयोगिनी ब्र.कु. शोभा दीदी, ब्र.कु. सचिन परब तथा अन्य।

# कथा सरिता



## सच्चाई की जीत

एक समय की बात है, एक धर्मात्मा राजा ने अपने राज्य में एक अनोखी चुनौति रखी। उन्होंने घोषणा की कि जो कोई भी सच्चाई के साथ पूरा जीवन जीता होगा, उसे अपार धन और सम्मान से नवाजा जाएगा। इस घोषणा से पूरे राज्य में हलचल मच गई। हर कोई इस इनाम को पाने के लिए उत्सुक था। उसी राज्य में एक गरीब लेकिन ईमानदार किसान रहता था। उसने अपने जीवन के हर कदम पर सच्चाई को अपनाया था। चाहे वह उसके खेती का काम हो या उसके पड़ोसियों के साथ उसका व्यवहार, वह हमेशा सच्चाई के मार्ग पर चलता रहा।

एक दिन, किसान ने सोचा कि वह भी राजा की चुनौति का हिस्सा बनेगा। वह राजा के दरबार में गया और अपनी सादगी और ईमानदारी की कहानियां सुनाई। उसने बताया कैसे उसने अपने खेत में सोने की मुद्राएं पाई थीं, परंतु उसने उन्हें उसके असली मालिक को लौटा दिया। कैसे उसने अपने पड़ोसी की भूलवश भेजी गई अनाज की बोरी उसे वापस कर दी थी।

राजा उसकी कहानियों से प्रभावित हुए। उन्होंने महसूस किया कि किसान ने न केवल शब्दों में, बल्कि कर्मों में भी सच्चाई को अपनाया था। राजा ने उसे इनाम के रूप में सोने के सिक्के, नई भूमि और राज्य में सम्मानित स्थान दिया और आश्वासन दिया कि उसकी सच्चाई और ईमानदारी का राज्य भर में गुणगान किया जाएगा। इस घटना से प्रेरित होकर, अन्य लोगों ने भी सच्चाई के मार्ग को अपनाने का संकल्प लिया।

यह घटना पूरे राज्य में सच्चाई और ईमानदारी के महत्व को उजागर करने वाली बन गई। लोगों ने समझा कि भले ही सच्चाई का मार्ग कठिन हो, परंतु उसके परिणाम हमेशा शुभ और संतोषजनक होते हैं।

शिक्षा : सच्चाई हमेशा जीतती है। यह कहानी हमें यह सिखाती है कि सच्चाई का मार्ग चुनना हमेशा फलदायी होता है और अंत में, यही जीत की कुंजी होती है।

# परमात्म ऊर्जा

## बेहद की सेवा से दुआयें लेना और देना



बेहद की सेवा में समय लगाने से समस्या सहज ही भाग जायेगी क्योंकि चाहे अज्ञानी आत्माएं हैं, चाहे ब्राह्मण आत्माएं हैं लेकिन अगर समस्या में समय लगाते हैं व दूसरों का समय लेते हैं तो सिद्ध है कि वह कमज़ोर आत्माएं हैं, अपनी शक्ति नहीं है। जिसको शक्ति नहीं हो, पांव लंगड़ा हो और उसको आप कहो दौड़ लगाओ, तो लगायेगा या गिरेगा? तो समस्या के वश आत्माएं चाहे ब्राह्मण भी हैं लेकिन कमज़ोर हैं, शक्ति नहीं है, तो वह कहाँ से शक्ति लायें? बाप से डायरेक्ट शक्ति ले नहीं सकता क्योंकि कमज़ोर आत्मा है। तो क्या करेंगे? कमज़ोर आत्मा को दूसरे कोई का ब्लड देकर ताकत में लाते हैं, कोई शक्तिशाली इन्जेक्शन देकर ताकत में लाते हैं तो आप सबमें शक्तियां हैं। तो शक्ति का सहयोग दो, गुण का सहयोग दो। उन्हों में है ही नहीं, अपना दो। पहले भी कहा ना - दाता बनो। वह असमर्थ हैं, उन्हों को समर्थी दो। गुण और शक्ति का सहयोग देने से आपको दुआयें मिलेंगी और दुआयें लिफ्ट से भी तेज रॉकेट हैं। आपको पुरुषार्थ में समय भी देना नहीं पड़ेगा, दुआओं के रॉकेट से उड़ते जायेंगे। पुरुषार्थ की मेहनत के बजाए संगम के प्रालब्ध का अनुभव करेंगे। दुआयें लेना - वह सीखो और सिखाओ। अपना नेचुरल अटेन्शन और दुआयें, अटेन्शन भी टेन्शन मिक्स नहीं होना चाहिए, नेचुरल हो। नॉलेज का दर्पण सदा सामने है ही। उसमें स्वतः सहज अपना चित्र दिखाई देता ही रहेगा। इसीलिए कहा कि पर्सनैलिटी की निशानी है प्रसन्नचित्त।

यह क्यों, क्या, कैसे। यह के के की भाषा समाप्त। दुआयें लेना और देना सीखो। प्रसन्न रहना और प्रसन्न करना - यह है दुआयें देना और दुआयें लेना। कैसा भी हो आपकी दिल से हर आत्मा के प्रति हर समय दुआयें निकलती रहें - इसका भी कल्याण हो। इसकी भी बुद्धि शांत हो। यह ऐसा, यह वैसा - ऐसा नहीं। सब अच्छा।



शहेरा-गुज.। नवनिर्मित भवन का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुए राजयोग प्रशिक्षिका,मैनेजमेंट ट्रेनर राजयोगिनी ब्र.कु. उषा दीदी,माउंट आबू, वडोदरा अलकापुरी उपक्षेत्रीय निर्देशिका राजयोगिनी डॉ. ब्र.कु. निरंजना दीदी, राजयोगिनी ब्र.कु. अमर दीदी,सुख-शांति भवन,अहमदाबाद, मुकेश देसाई,पूर्व प्रमुख नगर सेवासदन, प्रदीप सोनी,प्रमुख पत्रकार एकता परिषद पंचमहल जिला, केतकी सोनी,अध्यक्षा लायंस क्लब,गोधरा, डॉ. अजय भावसार,भावसार हॉसिपटल, राजयोगिनी ब्र.कु. सुरेखा दीदी,पंचमहल दाहोद महिसागर जिला, स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. रतन बहन तथा अन्य।



बिलासपुर-टिकरापारा(छ.ग.)। प्रख्यात ईएनटी विशेषज्ञ वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजेंद्र जोशी को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. मंजू। साथ हैं ब्र.कु. ईश्वरी तथा अन्य।



जबलपुर-धन्वंतरि नगर(म.प्र.)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ज्ञान संजीवनी भवन में "वंदे मातरम् स्वर्णिम भारत" के दीप प्रज्वलन कार्यक्रम में उपस्थित रहे सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. श्वेता, प्रोफेसर व कैंसर रोग विशेषज्ञ श्याम रावत, समाज सेविका उषा पटेल, गौ रक्षा समिति अध्यक्ष, प्राचार्य गुरुकुल विद्यालय एंजेला चतुर्वेदी तथा अन्य।



केशोद-गुज.। 'आपणु स्वास्थ्य, अपना हाथ मां' सेमिनार का दीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ करते हुए हृदय रोग विशेषज्ञ ब्र.कु. डॉ. सतीश गुप्ता, डॉ. राहुल गुप्ता, नगरपालिका प्रमुख मेहुल गोंडलिया, डॉ. अजुडिया, डॉ. सांगाणी, डॉ. छाया, एडवोकेट डी.डी. देवाणी, ब्र.कु. रूपा बहन तथा अन्य।



पन्ना-म.प्र.। रक्तदान शिविर में रक्तदाता स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. सीता बहन को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित करते हुए स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश तिवारी एवं ब्लड बैंक अधिकारी डॉ. प्रवीण द्विवेदी।


Pay Directly to: osmorerf@indianbk

Note:- AfterTransferring, please share the screenshot on these number.

(कृपया ट्रांसफर करने के बाद नीचे दिए गए नंबर पर स्क्रीन शॉट भेजें)

संपर्क- M- 9414006096, 9414154344, 9414172087

ओमशान्ति मीडिया सदस्यता हेतु सम्पर्क करें

कार्यालय - ओमशान्ति मीडिया

संपादक - ब्र.कु. गंगाधर, ब्रह्माकुमारीज़,शान्तिवन,तलहटी,

पोस्ट बॉक्स न-5,आबू रोड, राज. 307510

Email-omshantimedia@bkivv.org

सदस्यता शुल्क : भारत - वार्षिक - ₹-240, तीन वर्ष - ₹-720

Website: www.omshantimedia.org

# 6 ब्रह्माकुमारी बहनों ने किया विश्व परिवर्तन की सेवा में आजीवन समर्पित



**चंडीगढ़-सेक्टर 33।** राजयोग भवन में इस पावन अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान की अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी ब्र.कु. जयंती दीदी, पंजाब ज़ोनल हेड राजयोगिनी ब्र.कु. प्रेम दीदी,फरीदकोट व राजयोगिनी ब्र.कु. उत्तरा दीदी,चंडीगढ़, राजयोगिनी ब्र.कु. लक्ष्मी दीदी,निदेशक,सोनीपत रिट्रीट सेंटर, राजयोगिनी ब्र.कु. अनीता दीदी,मुख्य संचालिका,सेक्टर-15 व पंचकुला सेवाकेन्द्र तथा राजयोगिनी ब्र.कु. विजय दीदी,मुख्य संचालिका,जींद मंचासीन मुख्य अतिथि के रूप में रहीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में माननीय चीफ जस्टिस दया चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की शोभा को और बढ़ाया। राजयोगिनी ब्र.कु. जयंती दीदी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि जब माता-पिता अपनी कन्या के लिए वर चुनते हैं तो वे उसके गुण, घर और परिवार को देखते हैं। फिर भी यह निश्चित नहीं होता कि कन्या सदा सुखी रहेगी। किंतु इस अलौकिक एवं दिव्य समर्पण समारोह के माध्यम से कन्या को स्वयं परमपिता, जगत नियंता परमात्मा ही वर के रूप में प्राप्त हो जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जहाँ तक घर की बात है तो विश्व के 140देशों में फैले ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेन्द्र ही कन्या के अपने घर हैं और परिवार इतना विशाल है कि 10,000 से अधिक समर्पित भाई-बहनें सेवाओं में लगे हुए हैं, जो एक-दूसरे को सहयोग देकर निरंतर आगे बढ़ाते हैं। वहीं राजयोगिनी ब्र.कु. अनीता दीदी ने कहा कि इस संस्थान में केवल वही कन्याएं समर्पित होती हैं जिन्हें स्वयं परमात्मा द्वारा चुना गया होता है। ये वे आत्माएं होती हैं जो सेवा और त्याग के भाव को अपनाकर, परमात्मा के महावाक्यों का गहराई से मनन-चिंतन करती हैं तथा हर क्षण सेवा में तत्पर रहती हैं। आज का यह अवसर अत्यंत हर्ष का विषय है कि उन 6 कन्याओं का समर्पण स्वयं भगवान द्वारा स्वीकार हुआ है। राजयोगिनी ब्र.कु. लक्ष्मी दीदी ने अपने सम्बोधन में समर्पित होने वाली बहनों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज की स्वार्थपूर्ण दुनिया में, जहाँ लोग केवल अपने और अपनों के बारे में सोचते हैं, इन बहनों ने पूरे समाज और विश्व कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित किया है। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत नृत्य से हुई। इसके पश्चात् छोटे-छोटे बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से परमात्मा के प्रति समर्पण भाव को व्यक्त किया। समर्पण करने वाली 6 बहनों ने अपने जीवन को ईश्वरीय सेवा के लिए समर्पित करने की पावन प्रतिज्ञा की। इसी के साथ बहनों के माता-पिता ने भी सभा के समक्ष स्वेच्छा से अपनी कन्याओं को ईश्वरीय सेवा के मार्ग पर अग्रसर होने की स्वीकृति प्रदान की। समारोह के दौरान सम्बन्धियों का स्नेह मिलन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें परिवारजनों ने भाव विभोर होकर बहनों को शुभकामनाएं दीं। मंच संचालन ब्र.कु. कविता ने किया।

**त्रिदिवसीय मीडिया महासम्मेलन में 400 मीडियाकर्मी ने लिया भाग**

# माउंट आबू से सत्य व शान्ति का संदेश मिलता है - सांसद बराला

**ज्ञान सरोवर-माउंट आबू(राज.)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू में संस्था के मीडिया प्रभाग द्वारा आयोजित महासम्मेलन में देशभर के दिग्गज पत्रकार, चिंतक, विचारक, मीडिया शिक्षक ने मिलकर चिंतन-मंथन किया। उद्घाटन सत्र में "वैश्विक शान्ति की आवश्यकता में मीडिया की भूमिका" विषय पर देश भर से पधारे विद्वान वक्ताओं ने अपने विचार रखे।** मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि मैं माउंट आबू को दुनिया की सबसे दिव्य भूमि कहना चाहता हूँ। यहाँ ब्रह्माकुमारीज़ में आने के बाद मन शान्त, बुद्धि स्थिर और प्रसन्नता का अनुभव हुआ। यह दुनिया में अपने आप में एक अनोखी संस्था है। विश्व में नारी सशक्तिकरण का इससे अच्छा उदाहरण हो ही नहीं सकता। इसने नये मानदंड स्थापित किए हैं। 140 देशों में यह संस्था परमात्मा के सन्देश को पहुंचाने का कार्य कर रही है। यह संस्था आत्मा की शुद्धि का रहस्य भी हमको समझा रही है। जिसने इसे समझा वो तर गया। यहाँ आत्मा से परिचित करवाना और परमात्मा से कैसे आत्मसात हो, यह समझाने का कार्य भी ब्रह्माकुमारीज़ कर रही है। वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए मीडिया की ज़िम्मेदारी बड़ी हो जाती है। आप केवल खबर नहीं देते, बल्कि दृष्टि भी देते हैं। माउंट आबू से शान्ति का, सत्य का संदेश मिलता है और मीडिया इसे घर-घर में पहुंचा सकती है। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. डॉ. मानसिंह परमार ने संबोधित करते हुए कहा कि जब आप अपने कर्मस्थल पर लौटें तो एक नया संकल्प लेकर लौटें कि हम विश्व शान्ति में क्या योगदान दे सकते हैं। ये भी सच है कि मीडिया का कार्य सत्य सबके सामने रखना है, लेकिन सत्य दिखाते वक्त उसे संवेदनशील भी होना पड़ेगा। मीडिया प्रभाग की उपाध्यक्षा ब्र.कु. सरला दीदी ने कहा कि दूसरों के प्रति शुभभावना और शुभकामना का भाव रखना चाहिए। ब्रह्माकुमारीज़ के महासचिव तथा मीडिया विंग के अध्यक्ष राजयोगी ब्र.कु. करुणा ने कहा कि यह ईश्वरीय विश्व विद्यालय 90 वर्षों से यह संदेश दे रहा है, सारा विश्व एक परिवार है। आप यहाँ ऐसे समझें कि आप अपने घर में हैं। यहाँ शांति का जितना अनुभव कर सकते हैं, इन तीन दिनों में आप करें। नई दिल्ली डीडी न्यूज़ के सलाहकार संपादक मनोष बाजपेई ने कहा कि समाज में जो बीमारी है, उसका डायग्नोस करना बहुत जरूरी है। कथनी और करनी में अंतर होगा तो बहुत दिक्कत होगी। जीवन में भौतिकता और आध्यात्मिकता का संतुलन बहुत जरूरी है। दैनिक ट्रिब्यून के संपादक नरेश कौशल,चंडीगढ़ ने कहा कि मीडिया की सकारात्मक भूमिका समय की जरूरत है। ब्रह्माकुमारीज़ आध्यात्मिक चिंतन के माध्यम से विश्व की बेहतरी के लिए काम कर रही है। जो हमें उसे आगे बढ़ाना होगा। तान्या पटनायक,संपादक द संबाद एंड कनक टीवी,भुवनेश्वर ने कहा कि आज के माहौल में मीडिया का रोल बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसलिए हमें उन ज़िम्मेदारियों का निर्वहन पारदर्शिता से करना चाहिए। दैनिक देशोन्नति के संपादक डॉ. राजेश राजौरे,बुलढाणा की पुस्तक का विमोचन भी किया गया। मधुरवाणी ग्रुप ने स्वागत गीत से समां बांध दिया। डायमंड डांस ग्रुप की कुमारी नीता ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर देश भर से आये अथितियों को भाव विभोर कर दिया। मीडिया विंग की छत्तीसगढ़ राज्य समन्वयक ब्र.कु. मंजू दीदी ने उद्घाटन सत्र का सफल संचालन किया।




### शांति हमारा संस्कार है - सुदेश दीदी

ब्रह्माकुमारीज़ की संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी ब्र.कु. सुदेश दीदी ने कहा कि विश्व शांति की बात इसलिए कर रहे हैं क्योंकि सारा विश्व हमारा परिवार है। भारत शांति का दूत है। हम भारत माँ के लाल, हमारे अंदर वो शांति की शक्ति है। शांति हमारा संस्कार है। आत्मा को शांति चाहिए। जब तक हमने बीज को नहीं सींचा है, तब तक वो फल नहीं देगा। बीज को धरती चाहिए, जल चाहिए, सूर्य की शक्ति चाहिए। भारत भूमि की महिमा है यह फूलों का बगीचा था, यहाँ श्री लक्ष्मी-नारायण का राज्य था। शांति आएगी जब हम उसे प्रैक्टिकल में लाएंगे।

### शांति की अनुभूति का आधार मेडिटेशन

एजुकेशन विंग की उपाध्यक्षा वरिष्ठ राजयोगिनी ब्र.कु. शीलू दीदी ने राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि शांति की अनुभूति का आधार मेडिटेशन है। पहले आत्मा अपने आपको पहचाने की मैं कौन हूँ। ओमशांति का अर्थ ही है कि मैं वही हूँ जिसका स्वधर्म शांति है। मैं शांति के धाम से सृष्टि रंगमंच पर अभिनय करने आई हूँ। मैं आत्मा शांति सागर परमपिता की संतान हूँ।

# गलतियों से हार नहीं बल्कि स्वयं को सुधारने का अवसर मानें



**नवा रायपुर-छ.ग.।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के नवा रायपुर सेक्टर-20 स्थित 'एकेडमी फॉर ए पीसफुल वर्ल्ड-शान्ति शिखर' देखने आये आर्मी स्कूल के बच्चों को ब्र.कु. अंशु दीदी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आत्मविश्वास सफलता की नींव है जो कि खुद की क्षमताओं और निर्णयों पर अटूट भरोसा रखने से उत्पन्न होती है। यह हमें जोखिम उठाने और चुनौतियों का सामना करने तथा लक्ष्य हासिल करने में मदद करता है। यह कोई जन्मजात गुण नहीं, बल्कि छोटे-छोटे लक्ष्य को पूरा करके और सकारात्मक सोच से विकसित किया जा सकने वाला कौशल(हुनर) है। उन्होंने आगे बताया कि जीवन के हर क्षेत्र में सफलता का सीधा सम्बन्ध उस व्यक्ति के आत्मविश्वास से जुड़ा होता है। विशेषज्ञों और सफल लोगों के अनुभव यह बतलाते हैं कि बुद्धिमत्ता या संसाधनों से भी आगे बढ़कर आत्मविश्वास ही वह शक्ति है जोकि एक साधारण व्यक्ति को असाधारण बनाती है। यह न केवल हमारे व्यक्तिगत और व्यावसायिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करता है बल्कि कठिन परिस्थितियों में हमें डटे रहने का साहस भी देता है। दीदी ने आगे कहा कि आत्मविश्वास से भरा व्यक्ति न केवल खुद पर भरोसा करता है बल्कि अपने डर पर काबू पाकर जोखिम उठाने से भी नहीं डरता। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए सकारात्मक रूप से आत्म-मंथन करना और छोटे-छोटे लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें हासिल करना बहुत ज़रूरी है। असफलता से सीखें। गलतियों को स्वयं को सुधारने का अवसर मानें, उनसे हार नहीं मानें। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास रातों-रात नहीं आता। छोटे-छोटे लक्ष्य निर्धारित करें और उन्हें पूरा करके अपना हौसला बढ़ाएं। अंत में मैं बस इतना ही कहूँगी कि मंज़िलें उन्हीं को मिलती हैं जिनके सपनों में जान होती है, पंखों से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है। खुद पर भरोसा रखें, क्योंकि आप अपनी परिकल्पना से कहीं अधिक योग्य और बुद्धिमान हैं। मौके पर वरिष्ठ ब्र.कु. महेश भी उपस्थित रहे।

